RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 181 | नागौर, 02 जून, 2022 (गुरूवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## सौरव गांगुली ने बीसीसीआई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया, कहा- मैं कुछ नया करने की प्लानिंग कर रहा हूं

नई दिल्ली.



बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने पद से इस्तीफा दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गांगुली ने कहा है कि वो नई प्लानिंग कर रहे हैं। कुछ सूत्रों का कहना है कि गांगुली सियासत में एंट्री करने जा रहे हैं। गांगुली को भारत के सबसे कामयाब कप्तानों में गिना जाता है। गांगुली ने कहा- मैं नई इनिंग की तैयारी कर रहा हूं। पिछले साल मई में पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव के पहले भी इस तरह की खबरें सामने आईं थीं कि गांगुली जल्द ही सियासी पारी शुरू कर रहे हैं। हालांकि, तब उन्हें हार्ट प्रॉब्लम हुई थी और इसकी वजह से इन कयासों पर विराम लग गया था। बीसीसीआई के सचिव जय शाह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे हैं और गांगुली के करीब दोस्त हैं। आईपीएल फाइनल के दौरान अमित शाह और गांगुली काफी करीब नजर आए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाजपा गांगुली को राज्यसभा भेज सकती है।

## कश्मीरी पंडित धरने पर, भाजपा सरकार आठ साल का जश्न मनाने में व्यस्त : राहुल गांधी

नयी दिल्ली।



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कश्मीर में एक हिंदू शिक्षिका की हत्या की घटना को लेकर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और कहा कि कश्मीरी पंडित धरने पर हैं, लेकिन सरकार अपने आठ साल पूरे होने का जश्न मनाने में व्यस्त है। उन्होंने ट्वीट किया, कश्मीर में पिछले 5 महीनों में 15 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 18 नागरिकों की हत्या कर दी गयी। कल भी एक शिक्षिका की हत्या कर दी गयी। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा, 18 दिनों से कश्मीरी पंडित धरने पर हैं लेकिन भाजपा सत्ता में अपने आठसाल पूरे होने का जश्न मनाने में व्यस्त है। प्रधानमंत्री जी, ये कोई फ़िल्म नहीं है बल्कि आज कश्मीर की सच्चाई है। कश्मीर घाटी के कुलगाम जिले में एक हिंदू शिक्षिका की हत्या के विरोध में जम्मू शहर के विभिन्न हिस्सों में मंगलवार को प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन का पुतला फूंका और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस के मुताबिक, 36 वर्षीय रजनीबाला की आतंकवादियों ने मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी। वह सांबा जिले की रहने वाली थीं।

## राज ठाकरे के रक्त में कोरोना वायरस की मृत कोशिकाएं मिलने के बाद कूल्हे की सर्जरी स्थगित

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे की कूल्हे की हड्डी की सर्जरी बुधवार को होनी थी लेकिन उनके खून में नोवेल कोरोना वायरस की मृत कोशिकाएं मिलने के बाद इसे (सर्जरी को) टाल दिया गया।पार्टी के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, ''डॉक्टरों (मुंबई के लीलावती अस्पताल के) ने ठाकरे और उनके रिश्तेदारों को सूचित किया कि उनके खून में कोरोना वायरस की मृत कोशिकाएं होने के कारण उन्हें एनीस्थीसिया नहीं दिया जा सकता। इसलिए सर्जरी अगले सप्ताह करनी होगी। डॉक्टरों और ठाकरे की उपलब्धता के अनुसार तारीख तय की जाएगी।''

# राजस्थान 12वी बोर्ड रिजल्ट में लड़कियों ने बाजी मारी

## साइंस में 96.53 और कॉमर्स में 97.53 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास

अजमेर.

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 12वीं कॉमर्स व साइंस का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस साल साइंस में 96.53 व कॉमर्स में 97.53 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए। एडमिनिस्ट्रेटर एल.एन.मंत्री बोर्ड के कांफ्रेंस हॉल में रिजल्ट जारी किया।

12वीं साइंस स्ट्रीम की परीक्षा के लिए कुल 2 लाख 31 हजार 956 परीक्षार्थी रजि किए गए। इनमें से 2 लाख 30 हजार 191 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी। इनमें 2 लाख 22 हजार 210 स्टूडेंट्स पास हुए। कॉमर्स स्ट्रीम के लिए 27 हजार 325 स्टूडेंट्स रजिस्टर किए गए थे। इनमें से 27 हजार 13 ने परीक्षा दी। 26 हजार 346 पास हुए।

**लड़कियां फिर लड़कों से आगे**-लड़कियों ने इस साल भी शानदार प्रदर्शन करते हुए लड़कों को पीछे छोड़ दिया। साइंस में लड़कियों का पासिंग प्रतिशत 97.57 रहा, जबकि लड़कों का 95.98 प्रतिशत रहा। कॉमर्स में लड़कियों का पासिंग परसेंटेज 98.62 और लड़कों का पासिंग प्रतिशत 96.93 फीसदी है।

पिछले साल कॉमर्स का रिजल्ट 99.73 और साइंस का रिजल्ट 99.52 प्रतिशत रहा। कोरोना के कारण एग्जाम नहीं हुए। राज्य सरकार की ओर से तय किए गए फार्मूले के आधार पर प्रमोट कर रिजल्ट घोषित किया गया। इस बार एग्जाम हुए है और ऐसे में परीक्षा के बाद रिजल्ट तैयार किया गया है। साल 2020 में परीक्षा में कॉमर्स का रिजल्ट 94.49 और साइंस का रिजल्ट 91.96 प्रतिशत रहा।

**इसके बाद जारी होगा 12वीं आर्टस का रिजल्ट**- पिछले साल तीनों सब्जेक्ट (साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स) का रिजल्ट एक साथ जारी किया गया। यह बोर्ड के इतिहास में पहली बार था। इस बार आर्टस में करीब छह लाख स्टूडेंट्स हैं। इनके रिजल्ट को लेकर भी बोर्ड की ओर से तैयारी की जा रही है। अगले सप्ताह में बोर्ड आर्टस का रिजल्ट भी जारी कर सकता है।



# मानसून को लेकर खुशखबरी

## देश में इस साल 103% बारिश की उम्मीद

### पंजाब-हिमाचल समेत 12 राज्यों में जून में सामान्य से ज्यादा बरसेगा पानी

चंडीगढ़.

इस बार देश में पिछली बार से अच्छी बारिश होने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विभाग ने इस बार जून से सितंबर तक देश में 103% बारिश की उम्मीद जताई है। विभाग ने महीनेभर पहले देश में 99% बारिश का अनुमान लगाया था। जून में पंजाब में भी मानसून सीजन के दौरान सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है।

अधिकतम तापमान सामान्य और सामान्य से कम रहने की उम्मीद है। जून से सितंबर तक राज्य में औसत बारिश 467 एमएम होती है। अगर पिछले साल की बात करें तो यहां 436 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई थी।

मानसून के दौरान देश में सामान्य दीर्घावधि औसत बारिश 87 सेमी होती है। दीर्घावधि औसत के 96 से 104% बारिश को सामान्य माना जाता है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि ला-नीना परिस्थितियां पूरे मानसून के दौरान बनी रहने की उम्मीद है, इसलिए बारिश में इजाफे का अनुमान है।

### क्या है ला-नीना

ला-नीना का अर्थ प्रशांत महासागर की समुद्री सतह के तापमान में समय-समय पर होने वाले बदलावों से है। इसका दुनियाभर में मौसम पर प्रभाव पड़ता है। अल नीनो की वजह से तापमान गर्म होता है और ला नीना के कारण ठंडा। इस बार मानसून तीन दिन पहले केरल पहुंचा है। अगर पंजाब की बात करें तो यहां लू का सामना नहीं करना पड़ेगा। यहां मानसून 30 जून से पहले दस्तक दे सकता है।



### 2019 से लगातार हो रही है अच्छी बारिश

जून में हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर-प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तरी राजस्थान, महाराष्ट्र, पूर्वी मध्य प्रदेश, पश्चिमी गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और आंतरिक कर्नाटक में सामान्य से ज्यादा बारिश की संभावना है। पंजाब में इस बार मार्च से लेकर 22 मई तक लगातार मौसम शुष्क रहा है।

### पिछले साल के मुकाबले इस बार मई रहा काफी गर्म

मई में औसत पूरे महीने का पारा अमृतसर, लुधियाना और पटियाला का जारी किया गया है। आईएमडी के अनुसार तीनों जिलों में इस बार पूरे महीने का पारा पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा अधिक रिकॉर्ड हुआ है। अमृतसर में 2013 के बाद 40 डिग्री पारा रिकॉर्ड हुआ है।

### दिल्ली में तेज हवाओं से टूटे पेड़

दिल्ली में मानसून के पहले महीने यानी जून में भी सामान्य बारिश होगी। आमतौर पर जून में 165 मिमी बारिश होती है। जून के लिए सामान्य बारिश की रेंज 92 से 108 फीसदी है। दिल्ली में सोमवार को तेज हवाओं के साथ भारी बारिश हुई, जिसके चलते कई पेड़ टूट गए और बिजली गुल हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को बारिश के साथ 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। वहीं राजधानी के कुछ इलाकों में आंधी भी आ सकती है, जिससे तापमान कम रहेगा। हालांकि इस हफ्ते लू चलने की संभावना नहीं है।

## नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया-राहुल को ईडी का नोटिस

### कांग्रेस ने कहा- डरेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं



नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और पार्टी सांसद राहुल गांधी को तलब किया है। पार्टी नेताओं ने ये जानकारी दी है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया कि ये नोटिस नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर जारी किया गया है. जिसके बाद अब सोनिया और राहुल 8 जून को ईडी अधिकारियों के सामने पूछताछ के लिए पेश हो सकते हैं। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि 1942 में नेशनल हेराल्ड अखबार शुरू किया, उस समय अंग्रेजों ने इसे दबाने की कोशिश की, आज मोदी सरकार भी यही कर रही है और इसके लिए ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है।

ईडी ने हमारी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस दिया है। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी 8 जून को ईडी कार्यालय जाएंगी।

## अरविंद केजरीवाल ने घाटी में कश्मीरी पंडितों के लिए पर्याप्त सुरक्षा की मांग की

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घाटी में कई कश्मीरी पंडितों को ''निशाना बनाकर की गई'' हत्या की घटनाओं पर बुधवार को क्षोभ व्यक्त किया और उन्हें पर्याप्त सुरक्षा दिए जाने की मांग की। केजरीवाल ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि आतंकवादी ताकतें जम्मू-कश्मीर में सांप्रदायिक सौहार्द नहीं चाहती हैं और इसीलिए कश्मीरी पंडित समुदाय के लोगों को ''निशाना बनाया जा रहा है और उनकी हत्या की जा रही है'', जिससे 90 के दशक में हुई घटनाओं की याद ताजा हो जाती है।

# राम मंदिर का गर्भगृह निर्माण शुरू

## 500 सालों की साधना सिद्ध हुई : योगी

अयोध्या.

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह का शिलान्यास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। राम मंदिर का गर्भगृह कमल की आकृति का आठ कोण वाला होगा। इसकी दीवार 6 फिट मोटी होगी, जिसका बाहरी हिस्सा पिंक स्टोन का होगा। इसका कलश 161 फिट ऊंचा रहेगा। इस अवसर पर स्वामी परमानंद सहित राम मंदिर आंदोलन से जुड़े 100 से ज्यादा संतों सहित 300 लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने।

कार्यक्रम के बाद मीडिया से बात करते हुए ष्टरूयोगी ने कहा- राम मंदिर भारत का राष्ट्र मंदिर होगा। मुख्यमंत्री ने कहा- अब सैकड़ों वर्षों का इंतजार खत्म होने वाला है, क्योंकि तेजी से मंदिर के निर्माण का काम होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिला पूजन करना बेहद सौभाग्य की बात। गर्भगृह का पहला पत्थर रख दिया है, गोरक्षनाथ पीठ की तीन पीढ़ी इस मंदिर आंदोलन से जुड़ी हुई थी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज से शिलाओं के रखने का काम तेजी से शुरू हो जाएगा।

### द्रविण शैली के मंदिर श्री रामलला सदन का उद्घाटन किया

राम मंदिर से सौ मीटर दूर द्रविड़ शैली के मंदिर श्री रामलला सदन का उद्घाटन सीएम योगी ने किया। दक्षिण भारत के कलाकारों ने तीन साल में इस मंदिर को तैयार किया है। कार्यक्रम में जगद्गुरु श्रीनिवासाचार्य कांची, श्रीरंग मंदिर वृंदावन के अध्यक्ष स्वामी रंगाचार्य और जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य विद्या भास्कर मौजूद थे।रामलला सदन के महंत जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी राघावाचार्य हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी के साथ भगवान विष्णु, हनुमान जी और रंगनाथ जी सहित जय-विजय की प्रतिमाओं की स्थापना की जा रही हैं। मंदिर में भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ के 30 फिट ऊंचे स्तंभ का निर्माण किया गया है।



हम आपको याद दिला दें कि राम मंदिर के लिए 500 वर्षों तक चले आंदोलन के बाद 5 अगस्त 2020 को वो दिन आया था जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए नींव रखी थी। अब करीब दो साल के बाद गर्भगृह निर्माण के लिए पहला पत्थर रखने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे। बुधवार सुबह वेद मंत्रों के उच्चारण के बीच पूर्ण विधि विधान से शिलाओं का पूजन किया गया। हम आपको बता दें कि अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के गर्भगृह का आकार 20 फीट चौड़ा और 20 फीट लंबा होगा।

### योगी की बड़ी बातें

- पिछले 500 साल से देश के साधु-संत राम मंदिर आंदोलन को चला रहे थे, आज उन सभी लोगों की आत्मा को शांति की अनुभूति होगी।
- राम मंदिर आंदोलन से जुड़े अशोक सिंघल की आत्मा को शांति मिली होगी कि मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो रहा है।
- अब वो दिन दूर नहीं है जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर अयोध्या धाम में बनकर तैयार हो जाएगा, यह मंदिर भारत का राष्ट्र मंदिर होगा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गर्भगृह का पहला पत्थर रख दिया है। इसके साथ ही उन्होंने मंदिर के आर्किटेक्ट के अलावा कारीगरों को सम्मानित किया।



## सम्पादकीय

# हताशा में हत्या

जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों ने लक्षित हत्या की है। उन्होंने जम्मू संभाग के कुलगाम जिले में एक स्कूल अध्यापिका को गोली मार दी। कुछ दिनों पहले एक कश्मीरी पंडित को उसके दफ्तर में घुस कर गोली मारी थी। उससे पहले एक दवा विक्रेता कश्मीरी पंडित की हत्या की थी। उससे पहले कुछ प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाया था। ऐसा भी नहीं कि उनके निशाने पर केवल हिंदू समाज के लोग हैं। पिछले दिनों एक टीवी कलाकार की हत्या कर दी गई। वे मुसलिम समुदाय से थीं। वे सामाजिक मंचों पर अपने गाने साझा किया करती थीं। जाहिर है, यह उन्हें नागवार गुजरता था। जो भी उनके बनाए नियम-कायदों के विरुद्ध चलता दिखता है, वे उसे निशाना बनाते हैं। इससे यह भी जाहिर होता है कि घाटी में आतंकियों ने अपना रास्ता बदल लिया है। अब वे तालिबान के रास्ते पर चल रहे हैं। एक स्कूल अध्यापिका से आतंकियों को भला क्या खतरा हो सकता है। यही कि वे विद्यार्थियों को वह सब सिखाती-पढ़ाती होंगी, जो आतंकियों के तथाकथित मजहब से मेल नहीं खाता होगा या फिर उसका पहनावा उनकी तथाकथित तहजीब के अनुकूल नहीं बैठता होगा। उससे उन्हें युवा पीढ़ी में तार्किक विचारों के पनपने का खतरा रहा होगा। दहशतगर्द कभी नहीं चाहते कि घाटी के बच्चों को मजहब के दायरे बाहर निकल कर कुछ पढ़ाया-सिखाया जा सके।

आतंकियों के इस तरह लक्ष्य बना कर हत्या करने की रणनीति उनकी हताशा का ही परिचायक है। अगर उन्हें लगता होगा कि तालिबान के रास्ते चल कर वे घाटी के लोगों में दहशत पैदा कर सकते हैं और उन्हें अपने बनाए मजहबी नियम-कायदों को जीवन में उतारने को विवश कर सकते हैं, तो यह उनकी खामखयाली ही कही जा सकती है। जबसे अफगानिस्तान में तालिबान का शासन हुआ है, कश्मीरी अलगाववादियों और दहशतगर्दों के हौसले कुछ बुलंद हुए हैं। उन्हें वहां से समर्थन मिलने की उम्मीद बनी है। मगर घाटी में सक्रिय दहशतगर्दों को नहीं भूलना चाहिए कि अफगानिस्तान और कश्मीर का मिजाज बिल्कुल अलग है। कश्मीरी अवाम शुरू से तरक्कीपसंद और अमनपसंद रही है।

वहां की बहुत सारी महिलाएं मदरसों के बजाय आधुनिक स्कूलों में पढ़-लिख कर आजाद खयाल हैं। वे अनेक क्षेत्रों में कामयाबी की बुलंदियां छू रही हैं। उन्हें इस तरह बंदूक के बल पर मजहबी खांचे में बंद करके रखना संभव नहीं होगा। आम कश्मीरी भी दहशत में जीते-जीते आजिज आ चुका है। उस पर दोहरी मार पड़ती है। एक तरफ आतंकवादियों की और दूसरी ओर सुरक्षा बलों की। अब वे अमन चाहते हैं, इसलिए पहले की तरह दहशतगर्दों का समर्थन करते नहीं दिखते। दरअसल, घाटी में अब सुरक्षाबलों की चौकसी के चलते सीमा पार से होने वाली घुसपैठ काफी हद तक रुक गई है। उन्हें वित्तीय मदद पहुंचाने वालों पर नकेल कसी जा चुकी है। युवाओं को बरगला कर अपने साथ जोड़ने के उनके अभियान भी कारगर नहीं रहे। आए दिन आतंकियों की पहचान कर मार गिराया जाता है। स्थानीय लोग भी अब उन्हें पहले की तरह पनाह नहीं देते। इन सबके चलते उनमें घोर हताशा पनपी है। इस तरह वे नए-नए रास्ते तलाश कर घाटी में दहशत का माहौल बनाए रखने का प्रयास करते हैं। कभी वे पुलिस महकमे में भर्ती कश्मीरी युवाओं को निशाना बनाते हैं, तो कभी प्रतिक्रिया में बाहरी हिंदुओं को। अब वे तालिबानी तरीका अपनाते देखे जा रहे हैं, तो यह उनका नया रास्ता है। मगर इसमें भी उन्हें कामयाबी नहीं मिलने वाली।

# जरूरी है अन्न का संरक्षण

**संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनिया में खाद्यान्न संकट तेजी से गहराता जा रहा है। यही हाल रहा तो सन 2050 तक दुनिया भर में अन्न के लिए संघर्ष की स्थिति आ जाएगी। यदि रोटी को मनुष्य की एक बुनियादी जरूरत मानी गई है तो खाद्यान्न उस जरूरत को पूरा करने वाला अनिवार्य अवयव है। ऐसे में मनुष्यता को बचाने के लिए खाद्यान्न की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धि सुनिश्चित करना जरूरी हो जाता है। लेकिन हाल में संयुक्त राष्ट्र ने इस बात पर चिंता जता दी है कि मौजूदा हालात में दुनिया के पास केवल सत्तर दिन का अन्न भंडारण बचा है। निश्चित रूप से यूक्रेन पर रूस के हमले ने हालात भयावह बना डाले हैं। रूस और यूक्रेन मिल कर दुनिया को एक चौथाई अनाज की आपूर्ति करते हैं। लेकिन रूस के हमले ने यूक्रेन की व्यवस्थाओं को तहस-नहस कर डाला है। यह वही यूक्रेन है, जिसे उसकी खाद्यान्न उत्पादन क्षमताओं के कारण यूरोप की रोटी की टोकरी कहा जाता है। पिछले मौसम में रूस में गेहूं की अच्छी पैदावार हुई है, जबकि प्राकृतिक प्रकोपों के कारण अमेरिका और यूरोप के देशों में अन्न कम हुआ है। इस स्थिति ने दुनिया की रूस पर निर्भरता बढ़ा दी है।**

**दुनिया** में कुल बर्बाद किए जाने वाले भोजन में इकसठ फीसद मात्रा घरेलू भोजन की है। इतना ही नहीं, हर साल करीब साठ लाख गिलास दूध तक बेकार बहा दिया जाता है। यह चिंता की बात इसलिए है कि अगले चार दशकों में दुनिया में चालीस करोड़ लोग भुखमरी के संकट का सामना कर रहे होंगे। गेहूं निर्यात पर रोक लगाने के भारत के अपने कारण हैं। किसी भी देश की लोकतांत्रिक सरकार का पहला कर्तव्य यह होता है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करे। पड़ोसी देश श्रीलंका में पैदा हुए खाद्यान्न संकट और दुनिया में खाद्यान्न की बढ़ती किल्लत को देखते हुए भारत सरकार को यह आवश्यक लगा कि पहले देश की खाद्यान्न सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। ऐसे में गेहूं के निर्यात पर रोक लगाना ही एक विकल्प था। खाद्यान्न संकट किसी भी समाज को किस तरह त्रस्त और पस्त कर सकता है, श्रीलंका का उदाहरण इसका प्रमाण है, जहां भोजन की कमी से जूझ रहे लोगों को हिंसक प्रदर्शनों के लिए मजबूर होना पड़ गया। दुनिया में जब आबादी का बड़ा हिस्सा जरूरत भर अन्न की चिंता में जीवन गुजार देता हो, तब ऐसे में अन्न की बर्बादी चिंता का विषय बन जाती है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में बनाए जाने वाले कुल भोजन का एक तिहाई हिस्सा अभी भी बर्बाद ही जाता है। यह बर्बादी या तो थाली में जूठन छोड़ दिए जाने के कारण होती है, या बचा हुआ भोजन फेंक देने या उसके खराब हो जाने के कारण होती है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि जितना भोजन इस तरह खराब होता है, उससे दो अरब लोगों का पेट भरा जा सकता है। भारतीय समाज में भोजन या अन्न की बर्बादी को शुभ नहीं माना जाता, लेकिन अध्ययन में सामने आया है कि भारत में इतनी बड़ी मात्रा में प्रतिवर्ष अनाज, सब्जियां और अन्य खाद्य पदार्थ बर्बाद कर दिए जाते हैं कि उतनी मात्रा से बिहार जैसे राज्य की आबादी की साल भर की जरूरत पूरी की जा सकती है।

भारत सरकार के कृषि मंत्रालय की फसल अनुसंधान इकाई सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग (सीफैट) की रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल करीब सड़सठ लाख टन खाद्य पदार्थों की बर्बादी होती है। इस बर्बाद हुए भोजन की कीमत बानवे हजार करोड़ रुपए बैठती है। महत्त्वपूर्ण यह है कि जितना खाद्य पदार्थ भारत में बर्बाद हो जाता है, उतनी तो ब्रिटेन की कुल उत्पादन क्षमता है। यही कारण है कि दुनिया में चीन के बाद दूसरे नंबर का सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादन देश होने के बावजूद भारत में अन्न वितरण की स्थिति कई बार बहुत सुखद प्रतीत नहीं होती। बची हुई भोजन सामग्री के अलावा फल, सब्जियों और अन्न के बर्बाद होने के पीछे उन्हें संग्रहित करने की सुचारू और पर्याप्त व्यवस्था का अभाव भी है। शीत गृहों की कमी के कारण भी हर साल बाईस प्रतिशत फल और सब्जियां खराब होने पर फेंक दी जाती हैं। गोदामों में भरा गेहूं सड़ने की तस्वीरें तो अखबारों में अक्सर छपती रहती हैं। निश्चित रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण पश्चिमी देशों में खाद्यान्न आपूर्ति चरमरा गई है, लेकिन सच तो यह है कि इस युद्ध ने केवल उस भयावहता की एक झलक दिखाई है जिसका सामना आने वाले वर्षों में दुनिया को करना पड़ सकता



है। दरअसल, दुनिया में तेजी से बढ़ती आबादी के कारण रिहायशी मकानों और अन्य निर्माणों की जरूरत बढ़ती जा रही है। आमतौर पर विकास की हर योजना संबंधित क्षेत्र की कृषि भूमि का एक महत्त्वपूर्ण हिस्से का गला घोंटती है। योजना चाहे नवीन राजमार्गों के निर्माण की हो अथवा शहर के बाहर किसी औद्योगिक इकाई की स्थापना की या फिर किसी नई आवासीय योजना की। परिणाम यह हो रहा है कि जहां खाने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, वहीं कृषि योग्य भूमि का रकबा लगातार घटता जा रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार साल 2050 तक दुनिया की आबादी एक हजार करोड़ से ज्यादा हो जाएगी। यानी साल 2017 के आंकड़ों से तुलना करें तो साल 2050 में सत्तर प्रतिशत अधिक भोजन की आवश्यकता होगी। जबकि पृथ्वी से हर साल सात सौ पचास करोड़ टन उपजाऊ मिट्टी खत्म हो रही है। जाहिर है, जल्दी ही सार्थक विकल्प नहीं खोजे गए तो संपूर्ण आबादी के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न उत्पादन का बड़ा संकट खड़ा होगा। जब आबादी का बड़ा हिस्सा कचरे के ढेर से भी भोजन की तलाश के लिए विवश हो, तब अन्न के एक कण की बर्बादी भी संपूर्ण मानवता के प्रति बड़ा अपराध प्रतीत होता है। लेकिन जाने-अनजाने हम सब यह अपराध कर रहे हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि दुनिया में सबसे ज्यादा बर्बाद होने वाला खाना रेस्टोरेंट या होटलों का नहीं, बल्कि घरों में बनने वाला होता है। दुनिया में कुल बर्बाद किए जाने वाले भोजन में इकसठ फीसद मात्रा घरेलू भोजन की है। इतना ही नहीं, हर साल करीब साठ लाख गिलास दूध तक बेकार बहा दिया जाता है। यह चिंता की बात इसलिए है कि अगले चार दशकों में दुनिया में चालीस करोड़ लोग भुखमरी के संकट का सामना कर रहे होंगे। संयुक्त राष्ट्र खाद्यान्न और कृषि संस्था का कहना है कि दुनिया में अन्न और दूसरे खाद्यान्न की लगातार कमी होती जा रही है। एक तो जनसंख्या दबाव के कारण कृषि योग्य भूमि कम होती जा रही है, ऊपर से खेती के बदले हुए तरीकों और रासायनिक उर्वरकों ने ही नहीं, जलवायु संकट ने भी कृषि भूमि की उपज पर प्रतिकूल प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। इसीलिए अब वैज्ञानिक यह चेतावनी देते दिखने लगे हैं कि समय रहते यदि दूसरे ग्रहों पर पानी, जीवन और कृषि संभावनाओं की खोज नहीं की गई तो आने वाला समय बहुत परेशानियों का समय होगा, क्योंकि आबादी बढ़ेगी तो अन्न की मांग बढ़ेगी।

## व्यापार समाचार

# तुर्की ने लौटाया भारत का गेहूं : 56,877 मिलयन टन अनाज से लदे जाहज को तुर्की ने वापस भेजा, कहा- गेहूं में रूबेला वायरस

नई दिल्ली।

लगातार बढ़ती महंगाई और कमजोर होती करेंसी से जूझ रहे तुर्की ने भारतीय गेहूं की खेप लेने से इनकार कर दिया है। फाइटोसैनिटरी चिंताओं का हवाला देते हुए तुर्की ने ऐसा किया है। फाइटोसैनिटरी यानी पेड़-पौधों से जुड़ी बीमारी। एसपी ग्लोबल ने इससे जुड़ी एक रिपोर्ट पब्लिश की है। इस्तांबुल के एक ट्रेडर ने कहा, कृषि मंत्रालय को भारतीय गेहूं की खेप में रूबेला बिमारी का पता चला है जिस कारण इसे रिजेक्ट किया गया है। अब 56,877 मिलियन टन गेंहू से लदा एमवी इंस अकडेनिज जहाज तुर्की के इस्केंडरुन पोर्ट से वापस निकल चुका है और इसके जून के मध्य तक गुजरात के कांडला पोर्ट पर पहुंचने की उम्मीद है।



**तुर्की ने अब तक नहीं दिया कोई जवाब** : तुर्की के कृषि मंत्रालय ने खेप को रिजेक्ट करने से जुड़े सवालों का अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। तुर्की का यह कदम ऐसे समय में आया है जब रूस-यूक्रेन जंग के कारण गेहूं की सप्लाई दुनियाभर में प्रभावित हुई है और अंतरराष्ट्रीय खरीदार गेहूं की आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं। तुर्की के इस कदम ने भारतीय निर्यातकों को थोड़ी परेशानी हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि अगले कुछ दिनों में मिस्र सहित विभिन्न देशों में भारतीय गेहूं का शिपमेंट जाना है। भारतीय गेहूं को रिजेक्ट करने से दूसरे देश भी इसकी क्वालिटी को लेकर सवाल उठा सकते हैं।

**इंडियन फाइटोसैनिटरी मेजर्स का इंस्पेक्शन** : मिस्र ने करीब 2 महीने पहले ही क्वालिटी चेक के बाद भारत को गेहूं सप्लायर के रूप में मंजूरी दी थी। भारतीय गेहूं की क्वालिटी चेक करने के लिए मिस्र का एक डेलिगेशन भारत आया था। इस डेलिगेशन ने मध्य प्रदेश, पंजाब और महाराष्ट्र का दौरा किया था। डेलिगेशन ने गेहूं के सैंपल्स की जांच की थी।

# उच्च मुद्रास्फीति के बावजूद मई में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि स्थिर रही

नई दिल्ली।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि मई में स्थिर रही, नए ऑर्डर और उत्पादन में वृद्धि की दर पिछले महीने जैसी बनी रही जबकि बिक्री कीमतों में उछाल के बावजूद मांग में लचीलेपन के संकेत देखने को मिले। एसएंडपी की भारतीय विनिर्माण परिदृश्य के बारे में बुधवार को जारी मासिक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। इसके मुताबिक, मई में विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) 54.6 रहा जो अप्रैल में 54.7 पर था। यह विनिर्माण क्षेत्र में पुनरुद्धार गतिविधियों के काफी हद तक स्थिर रहने का संकेत है। मई के पीएमआई आंकड़े लगातार 11वें महीने में समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार का जिक्र करते हैं। पीएमआई 50 से ऊपर होने का मतलब विस्तार होता है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर संकुचन को दर्शाता है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में एसोसिएट डाइरेक्टर (अर्थशास्त्र) पोलियाना डी लीमा ने कहा, भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने मई में मजबूत विकास गति को बनाए रखा।



अंतरराष्ट्रीय बिक्री में सबसे तेज वृद्धि के लिए धन्यवाद, कुल नए ऑर्डर में भी बढ़ोतरी हुई। मांग में लचीलापन को देखते हुए अपने स्टॉक को नए सिरे से तैयार करने की कोशिशें जारी रखीं और अतिरिक्त लोगों को काम पर भी रखा। इस रिपोर्ट के मुताबिक, नया कारोबारी बढ़त के बीच विनिर्माताओं ने मई में अपना उत्पादन बढ़ाने की कोशिशें जारी रखीं। मांग में सुधार और कोविड-19 से संबंधित पाबंदियां हटने से भी इसे बल मिला। सर्वेक्षण रिपोर्ट कहती है कि विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर काफी हद तक अप्रैल के अनुरूप ही थी। नए निर्यात ऑर्डर मिलने की दर भी मई में बढ़ी है।

# मई में जीएसटी संग्रह 1.41 लाख करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली।

मई माह में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.41 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को मई, 2022 के जीएसटी संग्रह के आंकड़े जारी करते हुए यह जानकारी दी। आंकड़ों के मुताबिक, मई, 2022 में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 1,40,885 करोड़ रुपये रहा। यह आंकड़ा पिछले दो माह के जीएसटी संग्रह




से कम है। अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.68 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। उसके पहले मार्च, 2022 में जीएसटी संग्रह 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा था। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा, ''मई के 1,40,885 करोड़ रुपये के जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) का हिस्सा 25,036 करोड़ रुपये रहा। राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह 32,001 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) संग्रह 73,345 करोड़ रुपये रहा। इसके अलावा 10,502 करोड़ रुपये का उपकर भी जुटाया गया।'' मई, 2022 के लिए राजस्व संग्रह मई, 2021 की तुलना में 44 प्रतिशत बढ़ गया।

एक साल पहले के समान महीने में जीएसटी संग्रह 97,821 करोड़ रुपये रहा था। जुलाई, 2017 में जीएसटी प्रणाली लागू होने के बाद से यह चौथा मौका है जब मासिक जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।









## आज का राशिफल

### मेष
किसी प्रभावशाली वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

### वृषभ
स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। आय में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी।

### मिथुन
शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी।

### कर्क
घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। दौड़धूप होगी। विवाद से क्लेश होगा। किसी व्यक्ति के व्यवहार से मन को ठेस पहुंच सकती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। धनहानि की आशंका बनती है।

### सिंह
व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। प्रयास सफल रहेंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से परिचय हो सकता है।

### कन्या
पारिवारिक मित्र व संबंधी अतिथियों के रूप में घर आ सकते हैं। वाणी पर नियंत्रण रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। कारोबार ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। बुरे लोगों की पहचान जरूरी है।

### तुला
अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। किसी बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे।

### वृश्चिक
मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। कुसंगति से बचें। धनहानि हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

### धनु
धनागम होगा। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यापार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### मकर
किसी व्यक्ति के व्यवहार से लगेगा कि अपमान हुआ है। नई योजना बनेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन पर विचार हो सकता है। व्यापार ठीक चलेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। आंखों को चोट व रोग से बचाएं।

### कुंभ
धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। भाइयों से मतभेद दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा।

### मीन
व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। दूसरों पर भरोसा न करें। आशंका-कुशंका के चलते कोई बड़ी गलती हो सकती है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

# बोर्ड परीक्षा में बेटियों ने लहराया परचम



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा बुधवार को घोषित बोर्ड परीक्षा परिणाम में क्षेत्र की बेटियों ने एक बार फिर परचम लहराया ओर अव्वल रही। कस्बे की इंडियन पब्लिक स्कूल की विज्ञान वर्ग की छात्रा तनीषा कंवर ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तहसील टॉपर रही एवं विद्यालय के छात्र रामप्रसाद ने 92.80 प्रतिशत, दिलीप कुमार ने 92.20 प्रतिशत, चेनाराम ने 91 प्रतिशत, रविन्द्र बटेशर ने 90.80 प्रतिशत एवं सुनील भाकर ने 90.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। संस्था के प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमार पाराशर ने विज्ञान वर्ग में तहसील अव्वल रहने पर छात्र-छात्राओं को मिठाई बांटकर खुशी जतायी। इसी प्रकार कस्बे में संचालित अभिमन्यु शिक्षण संस्थान ग्रुप ने अग्रेजी माध्यम की छात्रा मनीषा जांगिड़ ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर संस्था निदेशक रवि कुलहरी ने मिठाई बांटकर खुशी जताई। कस्बे के अग्रेजी माध्यम में संचलित कल्पना चावला इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा नेहा चौधरी ने 89.20 प्रतिशत सहित विधालय के 10 छात्रों ने 80 से अधिक प्रतिशत अंक प्राप्त किये।

# सिद्धार्थ आदर्श विद्या मन्दिर की प्रियंका बड़ौला विज्ञान वर्ग में 93.20 प्रतिशत अंक के साथ रही मूण्डवा टॉपर

## वाणिज्य संकाय में राजकीय विद्यालय की मित्ता भट्टर रही मूंडवा ब्लॉक टॉपर

अ.रहमान देवड़ा




**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के सिद्धार्थ आदर्श विद्या मन्दिर ने विज्ञान एवं कृषि संकाय में मूण्डवा ब्लॉक में टॉपर रहकर मूण्डवा शहर का नाम शिक्षा नगरी के रूप में जोड़ा है। विज्ञान वर्ग में प्रियंका बड़ौला ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करके मूण्डवा शहर में अव्वल व प्रथम स्थान प्राप्त किया। राकेश भाटी 92.60 प्रतिशत अंक के साथ मूण्डवा शहर में द्वितीय स्थान पर रहे। कृषि वर्ग में भी सिद्धार्थ विद्यालय की रेशमा 91 प्रतिशत अंक के साथ मूण्डवा शहर में प्रथम स्थान पर रही। इसी प्रकार विद्यालय में 90 से ऊपर 3 विद्यार्थी, 80 प्रतिशत से ऊपर 22 विद्यार्थी, 70 प्रतिशत से ऊपर 34 विद्यार्थी व 60 प्रतिशत से ऊपर 51 विद्यार्थी रहे। विद्यालय में कृषि व विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। विद्यालय संचालक संजय रामावत ने टॉपर विद्यार्थियों को माला व साफा पहनाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान विद्यालय संरक्षक पुरुषोत्तम रामावत, विद्यालय संचालक संजय रामावत, विद्यालय सह संचालक सुनील कुमार सेन, सुरेश रामावत, रोशन लाल, रवीन्द्र, रणवीर पारीक, नेमाराम भकल, रामरतन, राजेंद्र, राकेश कुमार, तेजाराम जेठू, रामकिशोर मारुका सहित कई स्टॉफगण उपस्थित रहे।

**वाणिज्य संकाय का परिणाम भी शत प्रतिशत :** इसी प्रकार शहर के रा.उ.मा. विद्यालय मूंडवा में वाणिज्य संकाय का परिणाम 100 प्रतिशत रहा, साथ ही मूंडवा ब्लॉक में वाणिज्य संकाय में प्रथम व दूसरे स्थान पर रा.उ.मा. विद्यालय की बालिकाएं रही। व्याख्याता राकेश कुमार राजावत ने बताया कि मिता भट्टर- 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ मूण्डवा ब्लॉक टॉपर, अंजली तिवारी 87 प्रतिशत अंकों के साथ मूण्डवा ब्लॉक में दूसरा स्थान, गरिमा शर्मा ने 85.6 प्रतिशत, योगिता बंग - 83.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

**मूण्डवा के बालिका विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत**

इसी प्रकार यहाँ के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मूंडवा का विज्ञान वर्ग का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। गुणवत्ता में भी अव्वल स्थान प्राप्त करते हुए सभी 15 छात्राएँ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई हैं। प्रधानाचार्य भंवरलाल जाट ने बताया कि नीतू ईनाणियां ने 92 प्रतिशत प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय सहित मूंडवा का नाम रोशन किया हैं। वहीं 75 प्रतिशत से ऊपर पांच छात्राओं ने अंक अर्जित कर गार्गी पुरस्कार पर कब्जा किया है। प्रधानाचार्य ने इस सफलता का श्रेय अपनी विशेषज्ञता प्राप्त टीम, अभिभावकों की जागरूकता और छात्राओं की अनुशासनबद्धता को दिया।

# आईईएस बनकर करूँगी राष्ट्र निर्माण में सहयोग : पूजा पचार

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** जावला मेहराणा के दयानन्द स्कूल के विद्यार्थियों ने बुधवार को जारी परीक्षा परीणाम में एतिहासिक बाजी मारी है। संस्थान के सभी 191 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से तथा 40 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंको से उत्तीर्ण होकर रिकॉर्ड कायम किया है। साथ ही पूजा पचार ने 96.20 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले व प्रदेश में एक मुकाम स्थान प्राप्त किया है। इस मौके पर संस्था निदेशक देवाराम ठोलिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाशाली बच्चों की भरमार है। इन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

# 12वीं विज्ञान संकाय में लड़कियों ने मारी बाजी

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** बुधवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं विज्ञान संकाय के परिणामों में लड़कियों का दबदबा रहा। कस्बे के सनराईज उच्च माध्यमिक विद्यालय में परिणाम जारी होने के बाद स्कूल प्रशासन ने छात्रा सरिता सैनी (90) उर्मिला ग्वाला (86) एवं उर्मिला उड़द (82) एवं अन्य मेधावी छात्राओं का साफा एवं माला पहना कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवाराम ग्वाला, श्यामलाल मालाकार, रफीक मोहम्मद, कानाराम ग्वाला, कैलाश कुमावत, खुशी राठौड़, भवानी सिंह, सुनील ग्वाला सहित बड़ी संख्या मे गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# 6 माह से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर पुलिस ने स्थाई वारंटी की धरपकड़ के तहत परबतसर थाने में चोरी के मामले में फरार चल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम जाखड़ ने बताया कि आरोपी राजेंद्र कुमार पुत्र श्योराम के विरूद्ध वर्ष 2020 में थाना परबतसर पर चोरी का प्रकरण दर्ज हुआ, जिसके बाद आरोपी को अनुसंधान के बाद जेल भेज दिया गया। वहां से जमानत हो गई, लेकिन 2021 से आरोपी पेशी के लिए न्यायालय में नहीं आ रहा था। पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी राजेंद्र कुमार पुत्र श्योराम जाति कुमावत उम्र 20 वर्ष निवासी कुमावतों का मौहल्ला मीठड़ी थाना नावां को गिरफ्तार किया है।

# चारणवास की संगीता मील व जिलिया का रोहित सैनी रहे टॉपर





धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली न्यूज ) :** बुधवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा विज्ञान संकाय व वाणिज्य वर्ग का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में भी कई विद्यार्थियों ने उत्कर्ष अंक प्राप्त करके विद्यालय के साथ अपने माता-पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चारणवास में कृषि विज्ञान में संगीता मील पुत्री भुवानाराम ने 97.40 अंक प्राप्त करके अव्वल रही।

वहीं जिलिया निवासी तथा न्यू मार्डर्न स्कूल कुचामन का छात्र रोहित सैनी पुत्र बाबुलाल सैनी ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किए। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जिलिया का छात्र प्रदीप सिंह शेखावत विज्ञान वर्ग में 78.40 अंक प्राप्त किए। वही वाणिज्य वर्ग में सभी छात्र प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए।

# गोटन इंटरनेशनल स्कूल की ज्योति ने 12वीं विज्ञान वर्ग में फहराया परचम



दिनेश कड़वासरा

**गोटन( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी किए गए 12वीं विज्ञान वर्ग के परिणाम में गोटन इंटरनेशनल सीनियर सैकण्डरी स्कूल का परिणाम मेड़ता तहसील में सर्वश्रेष्ठ रहा। गोटन इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा ज्योति जाखड़ ने विज्ञान वर्ग में 97.40 प्रतिशत अंक लाकर मेड़ता तहसील में टॉपर रहकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। गोटन इंटरनेशनल स्कूल डायरेक्टर रामकुवार ओला ने बताया कि विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा है। ओला ने बताया कि विद्यालय की होनहार छात्रा ज्योति जाखड़ ने मेड़ता तहसील में टॉपर रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। गोटन इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहने पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है। मेड़ता तहसील टॉपर ज्योति जाखड़ ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों को दिया है। इस मौके पर प्रेमसुख तांडी, सुरेश खोखर, नाथूराम देवासी, महेंद्र, सुनील, राजेश, कमल तथा अभिभावक जयराम डूकिया, रामपाल जाखड़, रामलाल खोखर, महिपाल डूकिया उपस्थित रहे।

# कार्य में लापरवाही नही होगी बर्दाश्त : मीणा

## रियांबड़ी में कार्यकारी अधिकारी ने की समीक्षात्मक बैठक

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ ) :** सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन, प्रभावी नियमन एवं त्वरित नियत्रंण के उद्देश्य के मद्देनजर जिला परिषद नागौर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीरालाल मीणा की अध्यक्षता में पंचायत समिति सभागार रियांबड़ी में ग्राम विकास अधिकारियों, कनिष्ठ सहायकों एवं पंचायत समिति स्टॉफ की बुधवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यकारी अधिकारी मीणा द्वारा निर्देशित किया गया कि महानरेगा योजना में आज समस्त ग्राम पंचायतों में कम से कम दस हजार श्रमिकों के नियोजन को सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही उन्होनें इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिको के विरूद सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए। इसी के साथ ग्राम विकास अधिकारियों को चेतावनी देते हुए अवगत करवाया गया कि वे महानरेगा योजनान्तर्गत चालू कार्यो का सप्ताह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें। उपखण्ड अधिकारी गौरीशंकर शर्मा द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है, अवकाश की स्थिति में उक्त आयोजन अग्रिम कार्यदिवस को किया जाना सुनिश्चित करें। विकास अधिकारी भागीरथ सिंह राठौड़ द्वारा आश्वस्त करवाया गया कि पंचायत समिति रियांबड़ी की समस्त ग्राम पंचायतों की और से महानरेगा योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यो के अनुरूप कार्य किया जायेगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी हीरालाल मीणा द्वारा ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी सहित अन्य कार्मिकों के विरूद्ध उक्त समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश किए। उक्त समीक्षा बैठक में सहायक अभियंता राकेश कुमार महरिया, सहायक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद माली एवं उदाराम सहित ग्राम विकास विकास अधिकारी संदीप गोदारा, रामकरण चोटियां, रामलाल, भवानी सिंह, कृष्ण गोपाल शर्मा, कैलाश मीणा, राजूराम मीणा, जेईएन दयाराम गुर्जर, कनिष्ठ सहायकों में नेतराम, ओमप्रकाश, लोकेश मीणा तथा पंचायसत समिति कार्मिक उपस्थित रहें।

# डेगाना नगरपालिका के भवन का शिलान्यास समारोह आज



शौकत खान

डेगाना( नागौर डेली न्यूज )। डेगाना नगरपालिका के जर्जर हो चुके पुराने ग्राम पंचायत ओर आईटी केन्द्र भवन की जगह पर नगरपालिका डेगाना द्वारा नया भवन का निर्माण कराया जा रहा है। चेयरमेन मदनलाल अटवाल ने इसकी जानकारी देकर बताया कि लगभग डेढ करोड़ की राशि नगरपालिका का नया भवन का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका गुरूवार सुबह 11 बजे कांग्रेस नेता रिछपाल मिर्धा के मुख्य आतिथ्य शिलान्यास समारोह होगा। समारोह में कांग्रेस नेता रिछपाल मिर्धा के साथ डेगाना विधायक विजयपाल मिर्धा व राजसमंद सांसद दीयाकुमारी भी मौजूद रहेंगी। चैयरमेन मदनलाल अटवाल ने बताया कि इसी के साथ शहर में रोशनी के सभी प्रमुख चौराहों पर लगाई हाई मास्ट लाईटों के अलावा विभिन्न विकास कार्यो का भी उद्घघाटन किया जायेगा।

# मारोठ में शत प्रतिशत रहा विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम




हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** मारोठ कस्बे के विद्यालय श्री ऋषभ चंद जैन गोधा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मारोठ के विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम दिया। विद्यालय के संस्था प्रधान छोटू राम गोठवाल ने बताया कि विज्ञान वर्ग के छात्र आलोक कुमार ने 92.4 और सुशीला जाट ने 90.8 प्रतिशत के साथ नावां तहसील के राजकीय विद्यालयों में सर्वोच्च अंकों के साथ प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया और विज्ञान वर्ग के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण हुए। विद्यार्थियों के उत्साह वर्धन और इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए संस्था प्रधान और व्याख्याता सेवाराम बाज्या, विक्रम सिंह कर्णावत, मूलचंद जाट, राधे श्याम, मोहन राम, सायर चंद गोठवाल के द्वारा माल्यार्पण और साफा पहनाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

# हड़ताल : 100 से ज्यादा पेट्रोलपंप संचालकों ने तीन घंटे रखी हड़ताल

## रात 8 से 11 तक नहीं हुई बिक्री

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज )।** रियांबड़ी कस्बे में पैट्रोल पम्पों पर मंगलवार की रात 8 से 11 बजे तक जिले के लोगों सहित बाहर से आने वाले वाहन चालकों को पेट्रोल पंपों पर डीजल व पेट्रोल नहीं मिल सका। सका कारण अपनी मांगों को लेकर पेट्रोलपंप संचालकों की हड़ताल रहना है। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के बैनर तले नागौर जिले में भी पेट्रोलपंप संचालकों ने हड़ताल रखी। कस्बे के हमारा पंप मालिक बेनिगोपाल ने बताया कि इस कारण मंगलवार को डिपो से आने वाली डीजल-पेट्रोल की सेल नहीं हुई और रात को तीन घंटे बिक्री नहीं की। दशरथ सेन ने बताया कि जिला पेट्रोलियम एसोसिएशन से जुड़े प्रदेश में करीब 6700 पेट्रोलपंप है और सभी ने 3 घंटे बिक्री बंद रखी है। प्रदेशभर के पेट्रोल पंप संचालक पिछले लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर विरोध कर रहे हैं। इसी के चलते रियांबड़ी में भी हड़ताल का असर देखने को मिला।

# राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का 12वीं कॉमर्स व साइंस का रिजल्ट जारी

# शिक्षा नगरी कुमाचन के विद्यार्थियों ने लहराया परचम

## टैगोर स्कूल का परिणाम गुणात्मक दृष्टि से फिर सर्वश्रेष्ठ

### 437 विद्यार्थियों में से 54 ने 90% से अधिक

### 129 ने 85% से अधिक किए अर्जित



वीरेन्द्र 95.80%



रोहित चौधरी 95.20%



रचना 95.20%



दीपक दुस्तावा 95.20%



पायल चौधरी कॉमर्स टॉपर

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** बोर्ड कक्षाओं के परिणाम के मामले में प्रदेशभर में विख्यात शहर के टैगोर सीनियर सैकण्डरी स्कूल के होनहारों ने 12वीं विज्ञान संकाय के परिणाम में एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। बुधवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान (अजमेर) द्वारा घोषित 12 वीं विज्ञान वर्ग का परिणाम संख्यात्म एवं गुणात्मक दोनों दृष्टियों से श्रेष्ठ रहा है। टैगोर ग्रुप के चैयरमेन पूर्णसिंह रणवां ने बताया कि विद्यालय के कुल 437 विद्यार्थियों में से 421 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की है वहीं 15 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है।

संस्थान के 4 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शिक्षा नगरी का नाम रोशन किया है वहीं 54 होनहारों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 129 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक एवं 207 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर संस्था की प्रतिष्ठा को और अधिक मजबूत किया है। गावड़िया की ढाणी जूसरी निवासी छात्र वीरेन्द्र पुत्र हेमाराम 95.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉपर रहा है, वहीं रोहित चौधरी पुत्र शिवराज चौधरी निवासी राताकोट विजयनगर (अजमेर), धनकोली (डीडवाना) निवासी रचना पुत्र उमाराम एवं बूड़सू (मकराना) निवासी दीपक दुस्तावा पुत्र मोहनराम ने 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

#### गुणात्मक दृष्टि से भी सर्वश्रेष्ठ

'श्रेष्ठ परिणाम पर्याय टैगोर स्कूल' पंक्ति को चरितार्थ करते हुए विद्यालय के प्रायः सभी विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं की तुलना में 12वीं में अंक बढ़ोतरी की है। बड़ी बात यह है कि 437 विद्यार्थियों में से 54 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर कुचामन का मान बढ़ाया है। विद्यालय के कुल 437 विद्यार्थियों में से 316 विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं की तुलना में 12 में अंक वृद्धि की है। छात्र राहुल पुत्र जगदीश प्रसाद निवासी खेजरोली (चौमू, जयपुर) ने सर्वाधिक 35.80 प्रतिशत की अंक वृद्धि की है। छात्र राहुल यादव के दसवीं में 43 प्रतिशत अंक थे जबकि 12 वीं में 79.20 अंक प्राप्त किए है। 12 वीं में प्रविष्ठ विद्यार्थियों में से 36 विद्यार्थी ऐसे है, जिनके कक्षा दसवीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक थे जबकि 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले होनहारों की संख्या 54 है।

#### वाणिज्य संकाय में भी अव्वल

टैगोर स्कूल ने वाणिज्य संकाय में भी श्रेष्ठ परिणाम दिया है। विद्यालय से वाणिज्य संकाय में प्रतिष्ठ कुल 22 विद्यार्थियों में से 21 ने प्रथम श्रेणी एवं 1 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है। विद्यालय के 5 कॉमर्स स्टूडेण्ट्स ने 85 प्रतिशत से अधिक एवं 15 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए है। छात्रा पायल चौहान ने 89 प्रतिशत अंकों के साथ कॉमर्स टॉपर रहने का गौरव प्राप्त किया है।

#### विद्यालय में हर्ष का माहौल

12वीं विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के श्रेष्ठ परिणाम पर विद्यालय में जश्न का माहौल देखा गया। टैगोर एज्यूकेशन ग्रुप के चैयरमेन पूर्णसिंह रणवां, टैगोर कोचिंग सेंटर के प्रबन्ध निदेशक सुल्तानसिंह कल्याणपुरा, शिक्षाविद् झाबरसिंह चाहर, टैगोर स्कूल के छात्रावास अधीक्षक जगदीश कुलहरी, टैगोर महाविद्यालय के निदेशक सीताराम चौधरी, डाइट उपाचार्य डी.आर. चौधरी, भंवरलाल रणवां, सुखाराम रणवां, बी.एल. बगड़िया ने होनहारों का मुंह मीठा कराकर अभिनन्दन किया।

## कोटा कॅरियर साइंस एज्युकेशन सेंटर ने तोड़े सभी रिकॉर्ड



- 99 विद्यार्थियों ने प्राप्त किए 90% से अधिक अंक
- 98.40 अंकों के साथ निकिता प्रजापत कुचामन टॉपर

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शिक्षा नगरी के ख्यातिनाम संस्थान कोटा कॅरियर साइंस एज्यूकेशन सेंटर के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देकर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए है।

संस्था ने न केवल कुचामन टॉपर दिया बल्कि 99 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं। संस्था के ग्रुप चैयरमेन राजेन्द्र चौधरी ने बताया कि विज्ञान संकाय के सत्र 2021-22 के घोषित परिणाम में संस्था के 99 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है। छात्रा निकिता प्रजापत पुत्री भंवर लाल प्रजापत 98.40 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, लिसिता पुत्री रतना राम 98 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, आरती चौधरी पुत्री देबुराम 97.60 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय, निकिता थोरी पुत्री भंवर लाल 97.40 प्रतिशत अंक के साथ चौथे एवं हेमराज चौधरी पुत्र प्रताप चौधरी 96.60 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

#### मुंह मीठा करवाकर दी बधाई

इस अवसर पर ग्रुप चैयरमेन राजेंद्र चौधरी, संस्था निदेशक लिखमाराम चौधरी, प्रधानाचार्य शिवपाल डूडी, संरक्षक आरिफ खान, प्रबंधक संतोष कुमार पारीक ने संस्था के सभी अध्यापकगणों को इस अविस्मरणीय कीर्तिमान पर बधाई दी एवं मुंह मीठा करवाया तथा संस्था के सभी होनहार विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर अभिनन्दन किया।

## बी.आर. खोखर स्कूल ने फिर लहराया शिक्षा नगरी में परचम

### सुमन ने 97.80% अंक, सन्तोष ने 94% अंक व सरोज ने 93% अंक प्राप्त कर किया शिक्षा नगरी को गौरवान्वित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा घोषित 12वीं विज्ञान वर्ग में बी.आर. खोखर उच्च माध्यमिक विद्यालय ने एक बार फिर शिक्षा नगरी कुचामनसिटी में परचम लहराया है। विद्यालय की छात्रा सुमन पुत्री ओमप्रकाश ने 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सन्तोष पुत्र ओमप्रकाश ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सरोज पुत्री मोती राम ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थियों का विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बी. आर. खोखर शिक्षण संस्थान के सचिव जगदीश प्रसाद खोखर ने साफा बन्धन माला व मिठाई खिलाकर विद्यार्थियों का अभिनन्दन किया।

#### बधाई देकर बढ़ाया हौंसला

निजी शिक्षण सस्थान समूह के अध्यक्ष गोविंदा राम शेषमां ने सभी विद्यार्थियों एवं अध्यपाकों को बधाई दी। इस अवसर पूर्व प्रधानाचार्य हुकमराज कुमावत, प्रधानाचार्य अहमद अली, कॉलेज प्राचार्य मदन लाल पारीक, अशोक खोखर, सुभाष शेषमां, उप प्रधानाचार्य रामलाल कुमावत ने विद्यार्थियो का स्वागत किया। इस अवसर पर ग्लोबल एज्यूकेशन ग्रुप के सुल्तान सिंह थालोड़, सुनिल बिजारणिया, लक्ष्मण सिंह, अमित कुमार, रामाअवतार मीणा, अरूण कुमार, अमित जाखड़, मनीष चाहर एवं समस्त अभिभावक व विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## श्याम छात्रावास ने लगातार 13वें वर्ष दिया शत् प्रतिशत परीक्षा परिणाम

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के बीएसएनएल ऑफिस के पीछे स्थित श्री श्याम छात्रावास ने एक बार फिर शानदार परीक्षा परिणाम दिया है। निदेशक गिरधारी महला ने बताया कि श्याम छात्रावास के होनहार मागीलाल ने 87.60 प्रतिशत, जितेंद्र 86 प्रतिशत, रोहित 82.20, कैलाश सारण 80.20, लोकेश सिंह 80.20, प्रदीप गर्ग 78.40, कुलदीप भीचर 74.80, मोहित शर्मा 73.80, रोहित आवला 73.40, महेंद्र गोदारा 72.20, राजवीर सिंह 71.20, धीरज सेन 68.40, उदय सिंह 65, मनोज सारण 63.60, पवार युवराज सिंह 62.80, हेमंत मीणा 60.40, मनोज कुमार 60.20 व रोहित रनवा 68 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है।



## रामा स्कूल ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करते हुए एक बार फिर सम्पूर्ण राजस्थान में लहराया परचम



### शैलेजा व्यास 94.40 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम 94.20 अंकों के साथ लक्ष्मण धाकड़ द्वितीय व 93.60% अंकों के साथ गुलशन ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर की ओर से बुधवार को घोषित बारहवीं के विज्ञान वर्ग परीक्षा परिणाम में विगत दस वर्षो से अपनी श्रेष्ठ परिणाम देने की परम्परा को अक्षुण बनाये रखते हुए एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इस विद्यालय की छात्रा शैलेजा व्यास पुत्री आनन्द व्यास ने 94.40 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा छात्र लक्ष्मण धाकड़ पुत्र सांवरलाल धाकड़ ने 94.20 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह गुलशन पुत्र श्यामसुन्दर ने 93.60 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए एवं 39 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर शिक्षा नगरी को गौरवान्वित किया है।

#### विद्यार्थियों का बढ़ाया हौसला



इस अवसर पर शाला निदेशक खेमाराम रणवां ने तिलक लगाकर व मुँह मीठा करके छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए आगामी वर्षो में इससे भी बेहतर परीक्षा परिणाम देने का विश्वास दिलाया। सह निदेशक शेरसिंह रणवां ने इस परिणाम को बच्चों की कठोर एवं नियमित परिश्रम का फल बताया। प्रधानाचार्य हेमन्त सिंह व सुपरवाइजर मुकेश घसवां ने इसे शिक्षकों की मेहनत एवं निष्ठापूर्वक सतत् प्रयत्नों का परिणाम बताया।

**ये रहे मौजूद**-इस अवसर पर श्याम सुन्दर शर्मा, विनोद चौधरी, हितेन्द्र कुमार सेंवर, श्रवण कुमार भाकर, शिलीचन्द शर्मा, नेमाराम भाकर, मनोहर चौधरी, रामगोपाल खिलेरी, देवेन्द्र, चन्द्रकान्त गौड़, कुलदीप सिंह, कानसिंह, महेन्द्र डूडी नरेश कुमार, बजरंगलाल, भागचन्द कुमावत, राजूराम आदि ने छात्रो का उत्साहवर्धन किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com